टिप्पणियाँ -

नीतिवचन: बोलना और अनुप्रयोग करना: पाठ्यक्रम

कक्षा #१:

I. पाठ्यक्रम का परिचय।

II. भाषणः

क. शब्दों का महत्व।

कक्षा #२:

II. भाषणः

ख. कभी-कभी मौन धारण करना सर्वोत्तम होता है (बहुत मूल्यवान होता है)!

ग. अपने शब्दों का सावधानी से गिनें।

घ. भाषण की शैली।

कक्षा #३:

II. भाषणः

घ. भाषण की शैली (जारी।)

III. संबंधः

क. एक पड़ोसी के रूप में संबंध।

कक्षा #४:

III. संबंधः

ख. सच्चे मित्र।

ग. पारिवारिक संबंध।

कक्षा #५:

III. संबंधः

ग. पारिवारिक संबंध (जारी।)

IV. बोलना और अनुप्रयोग करने का निष्कर्ष।

परीक्षा।

टिप्पणियाँ -

नीतिवचनः परीक्षा

संभावित २० बिंदु प्रश्न

१) दो तरीके दर्शाएँ जिनमें मौन बुद्धि प्रदर्शित कर सकता है (पृष्ठ १७६, १७७)।

२) भाषण के बुद्धिमान तरीके का वर्णन करें (पृष्ठ १८१-१८३)।

३) पालन-पोषण के बारे में कुछ बिंदु बनाने के लिए नीतिवचन की पुस्तक का उपयोग करें (पृष्ठ १८९, १९०)।

संभावित १० बिंदु प्रश्न

१) नीतिवचन ६:१६-१९ का उपयोग शब्दों के महत्व को दिखाने के लिए करें (पृष्ठ १७५)।

२) आपको अपने मुँह के साथ क्या करना चाहिए, इसके बारे में दो अलग-अलग बिंदु बनाने के लिए दो वचनों का उपयोग करें (पृष्ठ १७७)।

३) भाषण के ''मूर्खतापूर्ण तरीके'' को परिभाषित करें (पृष्ठ १८०)।

४) नीतिवचन से दो बिंदु प्रदान करें जो यह दिखाते हैं कि एक अच्छा पड़ोसी कैसे बना जाता है (पृष्ठ १८४)।

५) मित्रों से बचने के लिए महत्वपूर्ण बातों से संबंधित नीतिवचन से दो बिंदु प्रदान करें (पृष्ठ १८६)।

६) २-३ वाक्यों में नीतिवचन ३१ की स्त्री का वर्णन करें (पृष्ठ १८८)।

टिप्पणियाँ -

नीतिवचनः बोलना और अनुप्रयोग करना

I. पाठ्यक्रम का परिचय।

क. नीतिवचन की पुस्तक।

१. विलियम अर्नोट अपनी पुस्तक स्टडीज इन प्रोवर्बस में कहते हैंः ''यह देखते हुए कि नीतिवचन मानव भाषा में कितना बड़ा स्थान रखते हैं, और वे मानव जीवन में कितनी बड़ी भूमिका निभाते हैं, यह अपेक्षा की जानी थी कि आत्मा दूसरों के बीच में परमेश्वर के मन को लोगों तक पहुँचाने में इस उपकरण का उपयोग करेगा। नीतिवचन मानव जीवन और बाइबल दोनों में हैं। वे बाइबल में इसलिए हैं क्योंकि वे मानव जीवन में है।''[१]

२. यह सत्य है। नीतिवचन की पुस्तक अपने रूप और सामग्री में बहुत ही व्यावहारिक पुस्तक है। एक नीतिवचन, अपने स्वभाव में जीवन की व्यावहारिक अभिव्यक्ति है।

३. नीतिवचन दैनिक जीवन के विषयों को दैनिक उदाहरणों के संदर्भ में बताते हैं। वे कभी पुराने नहीं होते, क्योंकि थोड़ा या बहुत जीवन समान ही रहता है।

क. जिस प्रकार परमेश्वर आज और कल और युगानुयुग एक सा है (इब्रानियों १३:८), उसके संसार को शासित करने वाले सिद्धांत आज भी वैसे ही हैं, जैसे ३००० साल पहले थे जब नीतिवचन की पुस्तक लिखी गई थी।

ख. हम इन प्रचानी लेखों से बहुत लाभ उठा सकते हैं जब हम यह समझ जाते हैं कि ''सूर्य के नीचे कोई बात नई नहीं है'' (सभोपदेशक १:९)।

ख. पाठ्यक्रम की सामग्री।

१. हम नीतिवचन की पुस्तक की सामान्य विषयवस्तु का अध्ययन करेंगे, जो कि बुद्धि है।

२. इस पाठ्यक्रम में, हम अध्ययन करेंगे कि नीतिवचन हमें हमारे जीवन के दो क्षेत्रों में ज्ञान रखने के बारे में क्या सिखाते हैंः

क. भाषण (मुँह का इस्तेमाल)।

ख. संबंध।

टिप्पणियाँ -

II. भाषण।

क. शब्दों का महत्व।

१. भाषण और बुद्धि के बीच कड़ी।

क. बुद्धि और भाषण प्राकृतिक रूप से एक साथ जुड़े हैं।

लेखक का उदाहरण:

भाषण बुद्धि के लिए वह है जो कंप्यूटर प्रणाली के लिए कंप्यूटर आउटपुट है।

अपना उदाहरण लिखें:

ख. नीतिवचन सीखाते हैं कि बुद्धि उसे प्रभावित करेगी कि हम क्या कहते हैं और इसे किस प्रकार कहते हैं। एक बुद्धिमान मनुष्य इस बात को समझता है कि वह अपने द्वारा कहे गए शब्दों के लिए जिम्मेदार है।

२. भाषण जीवन का एक विशेष पहलू है।

क. सृष्टि में भाषण का विशेष महत्व है।

१) हम एक महान वक्ता से आए हैं जो **''बोलने''** के द्वारा संसार को अस्तित्व में लाया (उत्प. १:३, ६, ९, ११, १४, २०, २४)।

२) परमेश्वर ने जैसे ही मनुष्य को बनाया वे उससे **''बोले''** (उत्पत्ति १:२८) और उससे कभी बोलना बंद नहीं किया (२ पतरस १:२१)।

ख. छुटकारे में भाषण का विशेष महत्व है।

१) परमेश्वर अपने पुत्र में होकर हमसे बोलते हैं (इब्रानियों १:२)।

२) उनका पुत्र परमेश्वर का **''वचन''** है (यूहन्ना १:१)।

टिप्पणियाँ -

ग. भाषण का नीतिवचन की पुस्तक में विशेष महत्व है।

१) हम इसे सम्पूर्ण पुस्तक के दौरान देख सकते हैं, लेकिन इसे अधिक स्पष्ट रूप से ६:१६-१९ में देखा जा सकता है।

२) परमेश्वर के लिए सात घृणास्पद बातों की सूची है। यह सूची उन चीजों का प्रतिनिधित्व करती हैं जिनसे परमेश्वर घृणा करते हैं! ध्यान दें कि सात में से तीन का संबंध **बोलने** से है।

क) झूठ **बोलने वाली जीभ** (पद १७ क)।

ख) झूठी गवाही देने वाला (पद १९ क)।

ग) भाईयों के बीच झगड़ा **कराने वाला** (पद १९ ख)।

३. जीभ की सामर्थ्य।

क. नीतिवचन जीभ की सामर्थ्य को कम नहीं आंकते। हालाँकि, समाज जीभ की सामर्थ्य को कम आंकता है। यह कई शब्दों और उदारवादी भाषण के दर्शन को बढ़ावा देता है।

ख. जीभ का इस्तेमाल बहुत सावधानी से किया जाना चाहिए। इसे नकारात्मक या सकारात्मक तरीके से इस्तेमाल किया जा सकता है।

१) जीवन और मृत्यु की सामर्थ्य जीभ के वश में है (१८:२१)।

२) यह दर्द ला सकती है या यह चंगाई ला सकती है (१२:१८)।

क) डेविड राइट अपनी पुस्तक विजडम ऐज अ लाइफस्टाईल, में कहते हैंः ''शब्द चीरने और फाड़ने के लिए घातक छर्रो के साथ मिसाइल, उन लोगों का अस्तित्व मिटाने वाले बम हो सकते हैं जिन पर वे गिरते हैं। या फिर वे साफ, सुखदायक जल की नदियाँ, जीवन में स्वाद जोड़ने वाले मसाले, हमारे आस-पास के लोगों के घाव को ठीक करने में मदद करने वाली दवा हो सकते हैं।''[२]

४. शब्दों का प्रभाव।

क. शब्दों के आगे बढ़ने की तुलना **जलती हुई आग** से की जा सकती है (१६:२७) जो **परम मित्रों में फूट** करा देती है (पद २८)।

ख. शब्दों का परिणाम संतुष्टि हो सकता है (१२:१४)।

ग. धर्मी बहुतों का पालन-पोषण कर सकते हैं (१०:२१)।

टिप्पणियाँ -

घ. शब्द एक पड़ोसी को तबाह कर सकते हैं (११:९)।

ङ. शब्दों का प्रभाव बहुत जटिल हो सकता है। चापलूसी के शब्द हमें जटिल रूप से प्रभावित कर सकते हैं (देखें ७:२१, २९:५)।

१) शब्द हमारे गलत निर्णय लेने का कारण हो सकते हैं।

२) शब्द हमारे द्वारा गलत चीजों की ईच्छा रखने का कारण हो सकते हैं।

चर्चा विषय

भाषण, शब्द और जीभ पर चर्चा को बढ़ावा देने के लिए पिछली अवधारणा का उपयोग करें।

ख. कई बार मौन सुनहरा (बहुत मूल्यवान) होता है! यह दो प्रकार से बुद्धि का प्रदर्शन कर सकते हैंः

१. जो हम नहीं कहते उसमें मौन ज्ञान को प्रदर्शित करता है।

क. अय्यूब १३:५ में अय्यूब के विलाप पर विचार करें। साथ ही भजन. ३९:१ पर विचार करें। अपने मुँह को बंद रखना अक्सर सबसे बुद्धिमानी का काम है जो हम कर सकते हैं।

ख. "मूढ भी जब चुप रहता है, तब बुद्धिमान गिना जाता है" (१७:२८)। क्या विडंबना है!

२. हम जो सुनते हैं उसमें मौन ज्ञान प्रदर्शित करता है।

क. हम जितना कम बोलते हैं, हम उतना अधिक सुन सकते हैं। जितना अधिक हम सुनते हैं, उतना अधिक हम सीख सकते हैं।

१) याकूब हमें ''सुनने में तत्पर, बोलने में धीमा'' होने के लिए आवह्न करता है'' (याकूब १:१९)।

२) उपदेशक महसूस करता है कि ''चुप रहने का समय, और बोलने का भी समय है'' (सभोपदेशक ३:७)।

ख. हम बुद्धिमान भाषण पर विचार नहीं कर सकते जब तक हम बुद्धिमान श्रवण पर विचार नहीं करते (४:१)।

टिप्पणियाँ -

ग. सुनना या सुनवाई वह कार्य है जो संवाद की प्रक्रिया में हमारा सबसे अधिक समय लेता है।

१) सुनना आवश्यक रूप से भाषण से जुडा है (४:२०)।

२) सुनना गंभीर रूप से बुद्धि से जुडा है (८:३३)।

३) सुनना बुद्धिमान व्यक्ति की निशानी है (१२:१५)।

४) सुनना केवल संवाद का निष्क्रिय भाग नहीं है। यह सक्रिय है।

क) सुनना चयनात्मक होना चाहिए (१५:३१)।

ख) सुनना ग्रहणशील होना चाहिए (२:१)।

ग) सुनना सावधानीपूर्वक होना चाहिए (४:१; ५:१)।

घ) सुनने का परिणाम दृढ़ क्रिया होनी चाहिए (५:७)।

ग. अपने शब्दों को ध्यान से गिनें।

१. शब्दों की बहुतायत से बचें।

क. बहुत अधिक शब्द पाप की ओर ले जाते हैं (१०:१९)।

ख. हमारे शब्द थोड़े होने चाहिए (सभोपदेशक ५:२)।

२. अपने मुँह का भंडारीपन।

क. अपने मुँह की चौकसी करें (२१:२३; साथ ही देखें १३:३)।

ख. अपने मुँह को रोक कर रखें (१०:१९)।

ग. अपने मुँह के साथ धीरज का अभ्यास करें (२९:२०)।

घ. अपने ''मुँह में अपना पैर'' रखने के बजाय अपना हाथ अपने मुँह पर रखें (जिसका अर्थ है अपने आप का विरोध करना या कुछ ऐसा कहना जो बहुत अनुचित है) (३०:३२; साथ ही देखें अय्यूब २१:५)।

टिप्पणियाँ -

३. शब्दों के भंडारी।

क. अप्रमाणिक लेखों में, सिराच सुधाव देते हैंः अपने शब्दों के लिए संतुलन और तराजू बनाओ और अपने मुँह के लिए एक दरवाजो और चटखनी। सावधान रहें, कहीं ऐसा न हो कि आप अपनी जीभ से गलती करें (सिराच २८:२५, २६)।

ख. हमें अपने शब्दों को तौलना चाहिए। हम सस्ते शब्द नहीं बोल सकते। हमें बोलने से पहले एक शब्द के महत्व पर विचार करना चाहिए। हमें अपने शब्दों के बुद्धिमान भंडरी होना चाहिए।

लेखक का उदाहरण:

जब मैं एक बालक था तो मेरे दादा जी ने मुझसे बहुत अधिक न बोलने के लिए कहा था। उन्होंने मुझ से मेरे शब्दों को बचा कर रखने के लिए कहा, क्योंकि मेरे पास एक निश्चित मात्रा में शब्द थे जो मैं अपने जीवन में बोल पाऊँगा। इसमें बुद्धि स्पष्ट है। अपने शब्दों का उपयोग इस प्रकार करें जैसे कि आपके बोलने की संख्या की एक सीमा है। बुद्धिमानी से इनका चुनाव करें। एक भले भंडारी बनें।

अपना उदाहरण लिखें:

ग. डेविड राइट इस विचार को सबसे अच्छे तरीके से बताते हैं जब वे कहते हैंः ''हम भौतिक संसाधनों के बारे में बहुत सोचते हैं और जलन के साथ इनकी रक्षा करते हैं। सुलैमान के अनुसार, हमारे शब्द संसाधनों को उतनी ही सावधानी से संरक्षित किया जाना चाहिए, जितना कि बुद्धिमानी से इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कीमती वस्तु को खर्च करने के लिए एक सही और एक गलत तरीका है। हमारे होठों से निकालने वाली बातों में परमेश्वर की बहुत रूचि है क्योंकि, संगति की इच्छा के समान, भाषा की यह सामर्थ्य हम में परमेश्वर की छवि की अभिव्यक्ति है। भाषा को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।''[3]

टिप्पणियाँ -

घ. भाषण की शैलियाँ। डेविड राइट ने नीतिवचन में पाए जाने वाली विभिन्न भाषण शैलियों को चार श्रेणियों में व्यवस्थित किया है।[४]

१. व्यभिचारी तरीका।

क. यह अपनी बात मनवाने वाले का तरीका है।

१) यह एक चालाक और धोखेबाज विक्रेता की शैली है।

२) वह रचनात्मक शैली में शब्दों का उपयोग करता है। हालाँकि, वह कुटिल है (५:३, ४)।

ख. व्यभिचारी वक्ता चापलूसी और अनुनय के उपयोग में माहिर होता है। वे उसके दो सबसे बड़े हथियार हैं।

१) व्यभिचारी अनुनय व्यक्तिगत विश्वसनीयता स्थापित करने का प्रयास करता है (७:१४)।

२) वह दूसरों को व्यक्तिगत श्रेष्ठता के लिए मनाने की कोशिश करता है (७:१५)।

३) वह दूसरों की कमजोरी का फायदा उठाता है (७:१६-२०)।

४) यह प्रस्ताव बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है (७:१६-२०)।

ग. भाषण की यह शैली बहुत सूक्ष्म है। यह इतनी सूक्ष्म है कि इसे महसूस किए बिना इसका इस्तेमाल किया जा सकता। हमें स्वयं को चुनौती देनी चाहिए। क्या हम भाषण की इस शैली का उपयोग करते हैं?

१) क्या हम अपनी योग्यता का उपयोग दूसरों से वह मनवाने में करते हैं जो हम चाहते हैं?

२) क्या हम व्यक्ति को मनाने के लिए चापलूसी का उपयोग करते हैं?

३) क्या हम वास्तव में अपने श्रोताओं की परवाह करते हैं? या फिर हम केवल अपने व्यक्तिगत हितों की परवाह करते हैं?

टिप्पणियाँ -

२. मूर्खतापूर्ण तरीका।

क. यह उस व्यक्ति का तरीका है जो अपने शब्दों में अनुशासित नहीं है।

१) यह वह तरीका है जो शब्दों को नहीं गिनता।

२) मूर्ख वक्ता अंतहीन रूप से बड़बड़ाता है। वह व्यर्थ संवाद का आयोजन करता है।

३) जो वह कहता है उस पर उसका नियंत्रण नहीं है। वह अनुशासित नहीं है।

ख. मूर्ख वक्ता ऐसे वादे करता है जिनके लिए वह बाद में पछताता है (६:२)।

ग. उसका बड़बड़ाना उसके पतन की ओर ले जाता है (१०:८, १९; १३:३)।

घ. उसके नियंत्रण की कमी का परिणाम गपशप होता है (१२:२३)।

ङ. वह अधीर होने के कारण अपने आप को लज्जित करता है (१८:१३)।

च. वह बुद्धि को अस्वीकार करता है (२३:९)। यह उसके लिए बेकार है (२६:७, ९)।

३. विश्वासघाती तरीका।

क. यह शत्रुतापूर्ण और हिंसक तरीका है।

१) व्यभिचारी तरीके के समान, इसका लक्ष्य नाश करना है।

२) हालाँकि, कपटी होने के बजाय यह क्रूर रूप से प्रत्यक्ष है (११:९)।

ख. विश्वासघाती वक्ता कठोर और असभ्य होता है (१२:१८; १६:२७)।

१) जब वह एक ''कानाफूसी करनेवाले'' के रूप में वापस आता है तो यह केवल आग को भड़काने के उद्देश्य से होता है (२६:२०)।

२) हाँ, याकूब हमें नाटकीय रूप से दिखाता है कि ''जीभ एक आग है'' और इसमें शरीर का एक बहुत ही नकारात्मक हिस्सा होने की क्षमता है (याकूब ३:५, ६)।

टिप्पणियाँ -

३) जीभ हमारी जीवन गति में आग लगा देती है, और यह नरक की आग से निम्न के माध्यम से जलती रहती हैः

क) बड़ाई मारना (२५:१४) ।

ख) झूठ बोलना (६:१७; १२:२२; २६:२८)।

ग) झूठी गवाही देना (२५:१८)।

घ) गपशप करना (२०:१९)।

ङ) चुगली करना (२५:२३)।

च) अफवाह फैलाना (११:१३)।

छ) चापलूसी करना (२६:२८; २८:२३; २९:५)।

४. बुद्धिमानी का तरीका।

क. यह व्यभिचारी, मूर्खतापूर्ण और विश्वासघाती तरीकों के विपरीत है।

१) व्यभिचारी तरीके के विपरीत।

क) निष्ठाहीन व्यभिचारी भाषण शैली में ईमानदारी कहीं नहीं पाई जाती।

ख) ईमानदारी बुद्धिमानी की भाषण शैली के कोने का पत्थर है (४:२४; १२:१७; १६:२३)।

टिप्पणियाँ -

२) मूर्खतापूर्ण तरीके के विपरीत।

क) मूर्ख बिना सोचे बोलता है। बुद्धिमान वक्ता बोलने से पहले सोचता है (१५:२८; १६:२३)।

(१) शब्दों को तौला और गिना जाता है।

(२) वह जनता है कि कब चुप रहना है (११:१३)।

ख) मूर्ख वक्ता अपने आप को नियंत्रित नहीं कर सकता। बुद्धिमान व्यक्ति अपने शब्दों में संयम का अभ्यास करता है।

(१) वह चर्चा के हर हिस्से में अपने विचार जोड़ने के लिए मजबूर महसूस नहीं करता।

(२) इस प्रकार, जब वह बोलता है तो उसके शब्दों में अधिक वजन होता है।

ग) मूर्ख बड़बड़ाता है। वह विचार नहीं करता कि कब बोलना है। बुद्धिमान व्यक्ति समय के महत्व को समझता है।

(१) उसका भाषण प्रांसगिक और उचित है (१५:२३ और २५:११)।

(२) एक बिंदु तब तक कोई प्रभाव नहीं डालता जब तक कि वह सही अवसर और सही समय पर न कहा जाए। यहाँ तक कि नीतिवचन के साथ भी, बुद्धिमान होने का भाग यह जानना है उन्हें कब उपयोग करना है।

३) विश्वासघाती तरीके के विपरीत।

क) विश्वासघाती शैली एक हिंसक, कठोर, और शत्रुतापूर्ण शैली है। बुद्धिमानी की शैली कोमल है।

ख) एक बुद्धिमान व्यक्ति **शांत आत्मा** के साथ बोलता है (१७:२७)।

(१) एक शांत आत्मा सुनने के लिए समय देती है (१८:१३)।

(२) एक शांत आत्मा क्रोध को शांत होने की अनुमति देती है (१५:१)।

(३) एक शांत आत्मा प्रभावी और शक्तिशाली होती है (२५:१५)।

टिप्पणियाँ -

ख. अंत में, भाषण की बुद्धिमान शैली उन्नति (१२:२५) और चंगा करने (१२:१८; ४:२०-२२) के लिए काम करती है।

१) हमें नियमित रूप से अपने बोलने की आदतों को जांचना चाहिए। हमें अपने आप से कुछ चुनौतिपूर्ण प्रश्न पूछने चाहिए।

क) क्या हम अपनी जीभ के साथ बुद्धि हैं?

ख) क्या शब्दों का उपयोग उन्नति और चंगा करने के लिए कर रहे हैं?

ग) क्या हम बहुत अधिक शिकायत करते हैं?

घ) क्या हम अक्सर दूसरे व्यक्ति के बारे में बुरा बोलने के प्रलोभन में गिर जाते हैं?

ङ) क्या हम बहुत अधिक बोलते हैं?

च) क्या हमारे शब्द दूसरों को चोट पहुँचाते हैं?

छ) जब हम बोलते हैं तो क्या हम संवाद में अर्थपूर्ण सामग्री जोड़ते हैं?

चर्चा विषय

चार भाषण शैलियों के उपयोग के अपने व्यक्तिगत अनुभव पर चर्चा करें।
आज ही अपने शब्दों को और अधिक बुद्धिमानी से इस्तेमाल करने का निर्णय लें।

III. संबंध।

क. एक पड़ोसी के रूप में संबंध।

१. परिचय।

क. संबंध।

१) संबंध महत्वपूर्ण हैं क्योंकि हम दूसरों के साथ संबंधों के माध्यम से ही परमेश्वर के साथ अपनी चाल का अभ्यास कर सकते हैं।

२) दूसरों के साथ हमारे संबंध की गुणवत्ता परमेश्वर के साथ हमारी चाल की गुणवत्ता की अभिव्यक्ति है।

टिप्पणियाँ -

ख. पड़ोसी।

१) बहुत से लोग कहते हैं कि उन्हें अधिकांश लोगों के साथ मिलने में कोई समस्या नहीं है।

२) फिर भी, यही लोग ''अगले दरवाजे वाले व्यक्ति'' (पड़ोसी) के साथ नहीं मिल सकते।

२. नीविचन एक अच्छा पड़ोसी होने के लिए निर्देश देते हैं।

क. एक अच्छा पडोसी एक ''बडबोला'' नहीं है। वह भरोसेमंद है और कुछ बातों को गोपनीय रख सकता है (११:१२)।

ख. वह अपने पड़ोसी को चोट पहुँचाने की योजना नहीं बनाता (३:२९)।

ग. वह झगड़ा नहीं फैलाता (२५:८, ९)।

घ. वह एक अच्छा उदाहरण और मार्गदर्शक है (१२:२६)।

ङ. वह उपलब्ध है (२७:१०)।

च. वह उनके प्रति भी दयालु है जो उसे पसंद नहीं करते (२५:२१, २२)।

छ. वह अपने निर्णयों में उदार है (२४:१७)।

ज. वह चातुर्य का उपयोग करता है (२५:१७)।

१) वह दूसरों की भावनाओं का सम्मान करता है। वह अपने आप को अपने पड़ोसी पर नहीं थोपता। वह अपने स्वागत से अधिक नहीं रूकता।

२) वह संवेदनशील है। वह एक उपद्रवी नहीं बनता। वह सामाजिक सीमाओं को नहीं लांघता।

३. प्रेम संदेश है।

क. एक अच्छे पड़ोसी के गुण प्रेम के गुण हैं।

ख. हमें दूसरी सबसे बड़ी आज्ञा की याद दिलाई गई हैः अपने पड़ोसी से प्रेम कर।

टिप्पणियाँ -

ख. सच्चे मित्र।

१. मित्रता का परिचय।

क. आप के पास कितने वास्तविक नजदीकी मित्र हैं? यदि आप अधिकतर लोगों के समान है, तो आपके पास मुट्ठी भर नजदीकी मित्रों ("सबसे अच्छे मित्रों") से अधिक नहीं हैं।

ख. एक अच्छा मित्र वह होता है जिसके साथ आप अपने सबसे गहरे भेद साझा करते हैं। यह वह व्यक्ति होता है जो जीवन के उतार चढ़ाव में आपके साथ रहा है। एक मजबूत मित्रता का वर्णन करने वाले शब्द हैंः

१) वफादारी।

२) स्थिरता।

३) बिना शर्त की प्रतिबद्धता।

ग. नीतिवचन मानते हैं कि एक मजबूत मित्रता कुछ ऐसा नहीं हो सकती जो सतही हो।

१) नीतिवचन ''एक मित्र की बात करते हैं जो एक भाई से भी अधिक मिला रहता है'' (१८:२४)।

२) यह एक ऐसे मित्र की बात करते हैं ''जो सब समयों में प्रेम रखता है'' (१७:१७)।

३) यह महसूस हैं कि जो आपके धन (१४:२०) या उपहारों को कारण (१९:६) आपका मित्र है वह शायद कठिन समय आने पर आपको मित्र नहीं हो सकता।

चर्चा विषय

ऐसी गवाहियों या उदाहरणों पर चर्चा करें जो सच्ची मित्रता को प्रतिबिंबित करते हैं।

टिप्पणियाँ -

२. मित्रता।

क. मित्रता में अच्छी सम्मति।

१) मित्रों के बीच अच्छी सम्मति मार्गदर्शन, प्रोत्साहन या पुष्टि का रूप ले सकती है (२७:९)।

२) मित्रों के बीच अच्छी सम्मति चुनौति और डांट का रूप भी ले सकती है (२७:१७)। मित्रों को बढ़ने में एक दूसरे की मदद करनी चाहिए चाहे इससे चोट पहुँचे।

३) एक सच्ची मित्रता को दोनों प्रकार की सम्मति को प्रदान करने और स्वीकार करने में सक्षम होना चाहिए।

ख. मित्रता में ईमानदारी।

१) एक अच्छा मित्र अपने मित्र की मदद करने के लिए अपनी मित्रता को भी खतरे में डालने के लिए तैयार रहता है। वही वह व्यक्ति होगा जो अपने मित्र को वह बताएगा जो दूसरे जानते तो हैं, लेकिन कहने के लिए तैयार नहीं हैं। उसका प्रेम एक असहज स्थिति में न रहने की उसकी इच्छा से परे जाता है (२७:६)।

२) अस्थायी रूप से सतही मित्रों की सहनशीलता वांछित हो सकती है। हालाँकि, अंततः एक करीबी मित्र की ईमानदारी की सराहना की जाएगी (२८:२३)।

ग. महत्वपूर्ण चीजें जिनसे मित्रों को बचना चाहिए।

१) मित्रों को एक दूसरे की निंदा करने से बचना चाहिए (१६:२८)। दूसरे की पीठ पीछे बातें करना, उपहास करना और कानाफूसी करना बहुत सी अच्छी मित्रता को नष्ट कर देता है।

२) मित्रों को क्षमा कर देना चाहिए और भूल जाना चाहिए। उन्हे बार-बार किसी ऐसी चीज का जिक्र नहीं करना चाहिए जिसे पहले ही क्षमा किया जा चुका हो (१७:९)।

क) पूर्ण क्षमा की कमी जल्दी ही कड़वाट में बदल जाती है। कड़वाहट क्रोध और शत्रुता में बदल जाती है। शत्रुता विद्रोह में बदल जाती है। विरोध उदासीनता में बदल जाता है। उदासीनता का परिणाम मृत्यु होती है। इस मामले में मित्रता मर जाती है।

ख) इस प्रक्रिया ने बहुत सी अच्छी मित्रता... और विवाह को नष्ट कर दिया है!

टिप्पणियाँ -

ग. पारिवारिक संबंध।

१. पारिवारिक संबंध का परिचय।

क. परिवार का महत्व।

१) बहुत से नीतिवचन परिवार के जीवन से संबंधित है।

२) परिवार बहुत से अन्य संसथानों का आधार है।

क) कलीसिया परिवारों से बनी है।

ख) राज्य परिवारों से बना है।

ग) जब समाज बिखरने लगता है, तो ऐसा इसलिए होता है क्योंकि पारिवारिक इकाई पहले ही बिखर चुकी है।

३) डेरेक किडनर अपनी पुस्तक द प्रोर्वब्स में कहते हैंः ''नीतिवचन में परिवार का स्थान समाज में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है जिसे उसने सिनाई वाचा में प्राप्त किया था---परिवार के प्रति वफादारी जीवन में तब आती है जब बच्चें ईमानदारी से पाले जाते हैं, और माता-पिता आनंद के साथ एक हो जाते हैं।''[५]

ख. हम विवाह और पालन-पोषण के विषयों पर विचार करेंगे।

२. विवाह का संबंध।

क. नीतिवचन की पुस्तक में पति-पत्नी के बीच एक बहुत मजबूत व्यक्तिगत बंधन है।

१) एक टूटे हुए विवाह का वर्णन २रू१७ में एक ''साथी'' को छोड़ने के संदर्भ में किया गया है। इब्रानी में इस शब्द का एक बहुत ही अंतरंग अर्थ है। इसका अनुवाद ''सबसे अच्छे मित्र'' के रूप में किया जा सकता है (साथ ही इस शब्द के अन्य उपयोगों को देखें भजन ५५:१३; नीतिवचन १६:२८; १७:९: यिर्मयाह १३:२१; और मीका ७:५)।

२) यह जोर इस्राएल में बहुविवाह को एक सामन्य बात के रूप में इंगित करता है।

३) यह महिलाओं को पुरूषों से कम मानने की प्रथा के खिलाफ भी बोलता हुआ प्रतीत होता है (बाद में यहूदी धर्म में देखा गया)।

टिप्पणियाँ -

ख. पत्नी।

१) नीतिवचन ३१ स्त्री एक पत्नी है जो अपने पति के प्रति विश्वासयोग्य है।

२) नीतिवचन ९:१३-१८ की स्त्री एक मूर्ख स्त्री है जो अपने पति के प्रति विश्वासयोग्य नहीं है।

३) पत्नी या तो घर को बनाती है या घराने का नाश करती है (१४:१; १८:२२; १९:१४; १२:४)।

४) पत्नियों को अपने बच्चों के प्रशिक्षण में अपने पतियों को साथ एक सहयोगी के रूप में देखा जाता है। वे एक स्वर में बोलते हैं (१:८, ९: ६:२०: ३१:१)।

ग. पति।

१) नीतिवचन में विवाह के संबंध में सबसे अधिक दोहराया जाने वाला विषय है पति को अपनी पत्नी के प्रति वफादार रहने के लिए प्रोत्साहन।

२) पति को अपनी पत्नी के प्रति समर्पित रहना चाहिए।

क) वैवाहिक संबंध में आपसी संतुष्टि का कारण और परिणाम सर्मपण होना चाहिए (५:१५-२०)।

ख) वफादारी के फीते के बिना सच्ची अंतरंगता खो जाती है जिसमें विवाह का उपहार लिपटा रहता है।

ग) लेरॉय एम्स, अपनी पुस्तक विजडम फ्रॉम एबव में कहते हैंः ''अपने घर का आनंद, अपने स्वयं के कुएँ के पानी की तरह, स्वच्छ, शुद्ध, ताजा और पौष्टिक है।''[६]

३) यौन इच्छा का दुरूपयोग परिवार और पारिवारिक संबंधों को प्रभावित करता है।

क) एक पति अपने आप का नाश कर सकता है (६:३२ ख)।

ख) वह अपने परिवार का नाश करता है।

४) विवाह में पवित्रता हमारे अपने लाभ के लिए सुझाई गई है। सुझाव को सुनना तर्कसंगत है (६:३२ ख)।

५) उस वेश्या से बचने के लिए जिसके होठों से शहद टपकता है, पति के पास ऐसे होंठ होने चाहिए जिनसे ज्ञान टपकता है (५:२, ३)।

टिप्पणियाँ -

३. माता-पिता का संबंध।

क. बच्चों को अनुशासित करना।

१) नीवचन में बुद्धि का एक गंभीर सिद्धांत है।

क) यदि बुद्धि ही जीवन है (८:३५, ३६), तो जीवन का कठिन मार्ग मृत्यु के आसान मार्ग से बेहतर है (२३:१४ और १९:१८)।

ख) हमें ''कठोर प्रेम'' के विचार के बारे में बात करनी चाहिए (१३:२४ पर विचार करें)। कठिन प्रेम का अर्थ है समझौता करने और आसानी से देने के बजाय प्रेम के कारण कठोर कार्य करना।

२) छड़ी के बिना, **''बालक के मन की मूढता की गांठ''** नहीं खुलती।

क) परिणाम परिवार की लज्जा होती है (२९:१५)।

ख) इसका परिणाम बालक की मृत्यु होती है (२३:१४)।

३) कुछ लोग कहते हैं कि वे लोग अपने बच्चों को इसलिए नहीं पीटते क्योंकि वे उनसे प्रेम करते हैं। सच तो यह है कि वे अपने बच्चों को आलस्य और कमजोरी, या धोखा खाने के कारण नहीं पीटते।

ख. बच्चों को निर्देश देना और प्रशिक्षण देना।

१) निर्देश छड़ी के उपयोग की तुलना में अधिक स्थिर और प्रभावी होना चाहिए।

क) यह **''मेरी शिक्षा''** है (३:१) जो बालक को उस मार्ग पर ले जाती है **''जिसमें उसे चलना चाहिए''** (२२:६)।

ख) नीतिवचन की संपूर्ण पुस्तक इस निवेदन से शुरू होती है, **''हे मेरे पुत्र, अपने पिता की शिक्षा पर कान लगा''** (१:८)।

२) सामान्य रूप से, प्रशिक्षण और निर्देश को दिशा प्रदान करनी चाहिए।

३) विशेष रूप से, प्रशिक्षण और निर्देश को बच्चे के चरित्र को ढालना और बनाना चाहिए।

४) लक्ष्य बच्चे को जीवन के पथ पर सफलतापूर्वक चलने के लिए तैयार करना है (३:२३; ४:८-१२)।

टिप्पणियाँ -

ग. माता-पिता की विफलता।

१) यह समझा जाना चाहिए कि प्रशिक्षण अपने आप से बुद्धि पैदा नहीं करता। निर्देश प्राप्त किया जाना चाहिए।

२) इस संचालन शक्ति का सशर्त स्वभाव २:१ में स्पष्ट है: "मेरे पुत्र, **यदि** तू मेरे वचन ग्रहण करे।"

क) नीतिवचन निर्देश देते हैं जो प्राप्त किए जाने चाहिए।

ख) यह एक नुस्खा नहीं देता जिसकी गारंटी है।

ग) इस प्रकार, नीतिवचन में भटके हुए बच्चों की व्यापक सूची शामिल है (१०:५; १५:२०: २०:२०: २९:३; ३०:११, १७)।

३) माता-पिता की विफलता अनिवार्य रूप से एक बच्चे की ओर से बुद्धि के प्रति प्रत्युत्तर में कमी नहीं है। अंत में, प्रत्येक व्यक्ति को अपना रास्ता स्वयं चुनना होगा।

४) माता-पिता की विफलता निर्देश देने और लागू करने (अनुशासित करने) का तिरस्कार करने में है।

५) डेरेक किडनर इन शब्दों के साथ निष्कर्ष निकालते हैं: ''जबकि ऐसे माता-पिता हैं जो अपनी लज्जा के लिए स्वंय जिम्मेदार हैं (२९:१५) अंततः व्यक्ति को स्वयं ही अपना दोष वहन करना पड़ता है क्योंकि यह बुद्धि के प्रति उसका रवैया है, प्रलोभन को अनुमति देना या रोकना उसके मार्ग को तय करता है।[७]

चर्चा विषय

पड़ोसी, मित्र और पारिवारिक संबंधों के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा करने के लिए कुछ मिनट निकालें।

टिप्पणियाँ -

IV. बोलने और संबंध का निष्कर्ष।

क. नीतिवचन की चुनौति।

१. नीतिवचन की पुस्तक बहुत प्रायोगिक पुस्तक है। जिन विषयों का अध्ययन हमने किया है वे बहुत प्रायोगिक विषय हैं। वे हमें दूसरों लोगों के साथ शामिल करते हैं।

२. हम कैसे प्रत्युत्तर देंगे? शिक्षा स्पष्ट है। हमारे पास एक मानचित्र है। प्रश्न जो बना रहता है, ''क्या हम इसका अनुसरण करेंगे?'' (२:१-५)।

टिप्पणियाँ -

नीतिवचन - बोलना और संबंधः अंतिम टिप्पणियाँ

[१]विलियम आर्नोट, स्टडीज इन प्रोर्वब्स (ग्रैंड रैपिड्सः क्रेगल प्रकाशन, १९७८), पृष्ठ १७।

[२]डेविड राइट, विजडम ऐस अ लाइफस्टाईल (ग्रैंड रैपिड्सः लैम्पलाइटर, १९८७), पृष्ठ ११२।

[३]राइट, पृष्ठ ११३।

[४]इबिद पृष्ठ ११७।

[५]डेरेक किडनर, द प्रोर्वब्स (लंदनः इंटर-वर्सिटी प्रेस, १९६४), पृष्ठ ५२।

[६]लेरॉय ऐम्स, विजडम फ्रॉम अबाव (व्हीटनः विक्टर बुक्स, १९७८) पृष्ठ १०८।

[७]किडनर, पृष्ठ ५०।